भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2433
सोमवार, 08 जुलाई, 2019/7 आषाढ़, 1941 (शक)

शिक्षित बेरोजगार लोग

2433. श्री अर्जुन लाल मीणाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास जनजातीय समुदाय के शिक्षित बेरोजगार लोगों से संबंधित कोई आकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2014 से 2018 के दौरान राजस्थान के जनजातीय समुदाय के कितने लोग बेरोजगार हैं; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए क्या व्यवस्थाएं की गई हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख): राजस्थान सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 2014 से 2018 तक राजस्थान के जनजातीय समुदायों से पंजीकृत शिक्षित बेरोजगार युवाओं की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	अभ्यर्थियों की संख्या
2014	**15411**
2015	**18619**
2016	**8023**
2017	**15400**
2018	**16768**

(ग): राजस्थान सरकार जनजातीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार/प्रशिक्षण/स्व-रोजगार के अवसर प्रदान कराने हेतु जनजातीय क्षेत्रों में कौशल, रोजगार एवं उद्यमशीलता (एसईई) मेलों/परिसर नियोजन शिविरों का आयोजन कर रहा है। शिविरों और लाभार्थियों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

वर्ष	शिविरों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या
2014-15	**13**	**3933**
2015-16	**23**	**21169**
2016-17	**57**	**18985**
2017-18	**59**	**7647**

*****